भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 24
उत्तर देने की तारीख 29 जनवरी, 2026

पुरी में तीर्थयात्रियों के लिए डाक सेवाएं

24. श्री शुभाशीष खुंटिया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रथ यात्रा के दौरान पुरी में विशेष डाक संचालन की व्यवस्था की जाती है;

(ख) इस जिले में संचालित डाकघरों और डाक सेवा केंद्रों की संख्या कितनी-कितनी है;

(ग) तीर्थनगरी में डाक सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं;

(घ) तीर्थयात्रियों द्वारा पार्सल और स्मृति-चिन्ह भेजने के लिए कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं; और

(ङ) क्या पुरी में कोई नई डाक अवसंरचना स्थापित करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, हां। रथ यात्रा उत्सव के दौरान बड़ा दंडा में एक हेल्प डेस्क लगाया जाता है।

(ख) पुरी जिले में सभी डाक सेवाएं प्रदान करने के लिए 286 डाकघर कार्यरत हैं।

(ग) पुरी टाउन/जिले में सक्षम डाक सेवाएं प्रदान करने के लिए वहां कार्यरत सभी डाकघरों को कंप्यूटरीकृत किया गया है और उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) 2.0 प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट किया गया है।

(घ) तीर्थयात्रियों द्वारा पार्सल और स्मृति चिह्न भेजने के लिए प्रदान की गई सुविधाओं में एक समर्पित पार्सल पैकेजिंग यूनिट (पीपीयू), एक केंद्रीकृत पिक-अप सुविधा एवं पुरी प्रधान डाकघर में सोमवार-शुक्रवार व रविवार को पार्सलों के लिए बढ़ाए गए बुकिंग के घंटे (कार्यसमय) शामिल हैं। पुरी प्रधान डाकघर, पुरी स्टेशन रोड एमडीजी और अन्य टाउन उप डाकघरों में पार्सल बुकिंग काउंटर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

(ङ) जी, हां। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पुरी डाक डिवीजन को नए उपकरण प्रदान करने, नई पत्र पेटियों, साइनेज और कैश चेस्ट लगाने के माध्यम से शाखा डाकघरों को अपग्रेड करने हेतु निधियां आवंटित की गई हैं।

*****